# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
## (Brief summary of proceedings)
## Monday, 28 March, 2016/ 08 Chaitra, 1938 (Saka)

**No. 28**
**2.00 PM** **Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 2.01 P.M. **Obituary References:**
The following obituary references were made in the House :
i) Two soldiers killed in the avalanche in Siachen.
ii) Innocent victims of terror attack in Lahore, Pakistan on 27March 2016.
The House also observed silence as a mark of respect for the departed souls.

2. 2.05 P.M. **ANNUAL BUDGET (2016-17) :**
**Presentation of Annual Budget (2016-17) :**
**Sh. Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** presented the Annual Budget for the Financial Year 2016-17.

3. 4.06 P.M. **Presentation of Demands for Grants (2016-17) :**
The Deputy Chief Minister presented the Demands for Grants for the Financial Year 2016-17.

4. 4.07 P.M. **Presentation and Voting on the Supplementary Demands (2015-2016):**
The Deputy Chief Minister presented the second and final batch of Supplementary Demands for the Financial Year 2015-2016.
The Supplementary Demands were considered Demand-wise and passed by voice-vote.

5. 4.13 P.M. **Appropriation (No.1) Bill, 2016:**
The Deputy Chief Minister introduced the 'Appropriation (No.1) Bill, 2016' with the leave of the House.
The Deputy Chief Minister moved that the Bill be taken into consideration.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.
The Bill was considered clause-wise.
The Deputy Chief Minister moved that the Bill be passed.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.

6. 4.14 P.M. **Papers laid on the Table:**

   1. **Shri Gopal Rai, Hon'ble Minister of** Transport laid the copies of the following on the Table of the House:
      - I. Notification No.F.3(218)/MRTS/Tpt.2015/302 dated 28.12.2015 regarding Odd/Even Scheme (English/Hindi version).
      - II. Notification No.F.19(96)/Tpt.Sectt./2010/16 dated 5.2.2016 regarding plying and idle parking for goods vehicles. (English/Hindi version).
      - III. Annual Report of Delhi Metro Rail Corporation for the year 2014-15 (English/Hindi version).
   2. **Shri Satyender Jain, Hon'ble Minister of Power** laid the copy of the Annual Report of Delhi Electricity Regulatory Commission for the year 2013-14 on the Table of the House. (English/Hindi version).

7. 4.15 P.M. **The Chair adjourned the House for 30 Minutes for tea-break.**

8. 4.50 P.M. **House reassembled.**
**Hon'ble Speaker in chair.**

9. 4.51 P.M. Shri Nitin Tyagi sought to move the following Motion under Rule-116 for postponement of business of the House:

*"That this House postpone the discussion on Motion of Thanks to tomorrow i.e. 29 March 2016, so that the House could take up immediately a discussion on a very important matter involving security and self respect of the nation vis-a-vis terror attack on Pathankot Airbase and express its sentiments appropriately."*

Sh. Kapil Mishra, Hon'ble Minister of Tourisum & Water also supported the views of Sh. Nitin Tyagi.

All the Members of the ruling party stood up and raised slogans and displayed banners protesting the visit of the Pakistan delegation to enquire about the Pathankot terror attack.

Sh. Vijender Gupta, Leader of Opposition and other members of Bhartiya Janta Party also stood up and objected. They raised slogans against the Delhi Government.

***Pandemonium in the House.***

10. 5.02 P.M. **The Chair adjourned the House for 15 Minutes due to continuous disturbance in the proceedings.**

11. 5.23 P.M. **House reassembled.**
**Hon'ble Speaker in chair.**

12. 5.24 P.M. ***Pandemonium continued.***
The Chair named Shri Nitin Tyagi and asked him to withdraw from the service of the House.
Sh. Nitin Tyagi was escorted out of the House by Marshals.

13. 5.27 P.M. **The Chair adjourned the House upto 2.00 PM on Tuesday, 29 March 2016 due to continuous disturbance in the proceeding.**

**Delhi** **Prasanna Kumar Suryadevara**
**28 March, 2016** **Secretary**

विधान सभा
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
समाचार भाग–1
कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख
सोमवार, 28 मार्च, 2016 / चैत्र 08, 1938 (शक)

संख्या–28

2.00 बजे **श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

1 2.01 बजे **निधन संबंधी उल्लेख :**

सदन द्वारा निम्नलिखित के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई :

1. सियाचीन में हिमस्खलन से दो सैनिकों की शहादत।
2. पाकिस्तान के लाहौर में दिनांक 27 मार्च, 2016 को आतंकवादी हमले में हताहतों के प्रति शोक संवेदना।

सदन द्वारा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में मौन धारण किया गया।

2 2.05 बजे **वार्षिक बजट (2016–17)**

**वार्षिक बजट (2016–17) का प्रस्तुतीकरण :**

**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने वित्त वर्ष 2016–17 के लिए वार्षिक बजट प्रस्तुत किया।

3 4.06 बजे **वित्त वर्ष 2016–17 हेतु अनुदान मांगें :**

उप मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2016–17 के लिए अनुदान मांगें प्रस्तुत कीं।

4 4.07 बजे **वर्ष 2015–16 हेतु अनुपूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण एवं पारित करना :**

उप मुख्य मंत्री ने वित्त वर्ष 2015–16 के लिए अनुपूरक अनुदान मांगें प्रस्तुत कीं।

अनुपूरक अनुदान मांगों पर मांग–अनुसार विचार किया गया तथा ध्वनि मत से पारित किया गया।

5 4.13 बजे **विनियोजन (संख्या–1) विधेयक, 2016 :**

उप मुख्यमंत्री ने सदन की अनुमति से विनियोजन (संख्या–1) विधेयक, 2016 को सदन में पुरःस्थापित किया।

उप मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि उक्त विधेयक पर विचार किया जाये।

प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।

विधेयक पर खण्डवार विचार हुआ।

उप मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि उक्त विधेयक को पारित किया जाये।

प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।

6 4.14 बजे **सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात :**

1. **श्री गोपाल राय, माननीय परिवहन मंत्री** ने निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति सदन पटल पर प्रस्तुत कीं :–

I. विषम / सम योजना के संबंध में जारी अधिसूचना संख्या एफ.3(218) / एमआरटीएस / परि. 2015 / 302 दिनांक 28.12.2015 (अंग्रेजी / हिन्दी प्रति)

II. माल वाहनों के चलाने एवं निष्प्रयोजन पार्किंग संबंधी अधिसूचना संख्या एफ.19(96) / परि.सचि. / 2010 / 16 दिनांक 05.02.2016 (अंग्रेजी / हिन्दी प्रति)

III. दिल्ली मैट्रो रेल कार्पोरेशन की वर्ष 2014–15 की वार्षिक रिपोर्ट (अंग्रेजी / हिन्दी प्रति)

2. **श्री सत्येन्द्र जैन, माननीय उर्जा मंत्री** ने दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग की वर्ष 2013–14 हेतु वार्षिक प्रतिवेदन की अंग्रेजी–हिन्दी प्रति सदन पटल पर प्रस्तुत की।

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 4.15 बजे | **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही जलपान अवकाश हेतु 30 मिनट के लिए स्थगित की।** |
| 8 | 4.50 बजे | **सदन पुनः समवेत हुआ।**<br>**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।** |
| 9 | 4.51 बजे | श्री नितिन त्यागी ने सदन का कार्य स्थगित करने के लिए नियम–116 के अंतर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहा :<br>*"यह सदन धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को कल दिनांक 29 मार्च, 2016 तक स्थगित करता है ताकि सदन पठानकोट एयर बेस पर आतंकी हमले बनाम राष्ट्र की सुरक्षा और आत्म सम्मान से जुड़े अत्यधिक महत्वपूर्ण विषय पर तत्काल चर्चा कर सके और अपनी भावनाओं को समुचित ढंग से अभिव्यक्त कर सके।"*<br>श्री कपिल मिश्रा, माननीय पर्यटन एवं जल मंत्री ने श्री नितिन त्यागी के विचारों का समर्थन किया।<br>सत्ता पक्ष के सभी सदस्य अपने आसन पर खड़े हो गये तथा नारेबाजी करने लगे और पठानकोट में हुए आतंकवादी हमले के संबंध में जांच करने आये पाकिस्तानी प्रतिनिधि मण्डल के आगमन का विरोध करते हुए बैनर प्रदर्शित करने लगे।<br>श्री विजेन्द्र गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष तथा भारतीय जनता पार्टी के अन्य सदस्य भी खड़े हो गये तथा उन्होंने इस पर आपत्ति प्रकट की। उन्होंने दिल्ली सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की।<br>***सदन में शोर–शराबा।*** |
| 10 | 5.02 बजे | **कार्यवाही लगातार बाधित होने के कारण अध्यक्ष महोदय ने 15 मिनट तक सदन स्थगित किया।** |
| 11 | 5.23 बजे | **सदन पुनः समवेत हुआ।**<br>**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।** |
| 12 | 5.24 बजे | ***सदन में पुनः शोर–शराबा।***<br>अध्यक्ष महोदय ने श्री नितिन त्यागी को इंगित किया तथा सदन से बाहर चले जाने को कहा।<br>श्री नितिन त्यागी को मार्शलों की सहायता से सदन से बाहर भेजा गया। |
| 13 | 5.27 बजे | **कार्यवाही लगातार बाधित होने के कारण अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 29 मार्च, 2016 को अपराह्न 2.00 बजे तक के लिए स्थगित की।** |

**दिल्ली**
**28 मार्च, 2016**

**प्रसन्ना कुमार सूर्यदेवरा**
**सचिव**